जिला परिवहन विभाग ने स्कूली बसों को लेकर अभियान के साथ की कार्यवाही

47 बसों में कमी पाए जाने पर वसूला 13 हजार रूपये का समन शुल्क

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,17जुलाई। जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना सिंह कुशवाहा के निर्देशन में एक बार फिर से अभियान चलाकर स्कूली बसों को लेकर कार्यवाही की गई। दूसरे दिन हुई इस कार्यवाही में जिला परिवहन विभाग के द्वारा 47 बसों को चैकिंग में शामिल करते हुए 13 हजार रूपये का समन शुल्क वसूला गया। इसके साथ ही आगे भी यह चैकिंग कार्यवाही अभियान के रूप में जारी रहेगी। इसलिए सभी स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत है कि बच्चों के जीवन से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए स्कूल बसों का संचालन शासन के नियमानुसार ही संचालित करें अन्यथा कार्यवाही का सामना करने के लिए तैयार रहें। जिला परिवहन विभाग की लगातार हो रही कार्यवाहियों से स्कूल संचालकों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है।

जिला परिवहन विभाग ने 47 बसों से वसूला 13 हजार रूपये का समन शुल्क: जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना सिंह कुशवाहा लगातार अपने दल के साथ मिलकर शहर में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें जिला परिवहन विभाग के दल के द्वारा शहर के विभिन्न स्कूलों जिसमें सेंट चार्ल्स स्कूल, किड्स गार्डन, जैक एन जिल, जीके हेरिटेज स्कूल सहित कुल 47 स्कूलों के स्कूली वाहनों की जांच की और इन वाहनों में कई प्रकार की कमियां पाए जाने पर 13 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क वसूला गया। इस मौके पर जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती रंजना सिंह कुशवाहा ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और जब तक स्कूल संचालक अपनी बसों को पूरी तरह सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं चलाएंगे इस तरह की कारवाही लगातार होती रहेंगी।

बदरवास थाना प्रभारी विकास यादव ने छात्र-छात्राओं को बताए नशे के दुष्परिणाम

नवभारत न्यूज
बदरवास, 17 जुलाई। पुलिस विभाग द्वारा प्रदेश में 15.07.2025 से दिनांक 30.07.2025 तक च्नशे से दूरी है जरूरीज्ज विषय पर आधारित 15 दिवसीय नशामुक्ति जनजागृति अभियान पूरे मध्यप्रदेश में व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नशा पीड़ितों के पुनर्वास, परामर्श केंद्रों की स्थापना और नशामुक्ति से संबंधित सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालयों में नशामुक्ति के दुष्परिणामों पर जागरूकता सत्र, निबंध प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित कर छात्रों को प्रेरित किया जा सकता है।

महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नशा विरोधी कार्यशालाएं, सेमिनार और छात्र संगठनों के सहयोग से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना,स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा युवाओं को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, ताकि वे नशे से दूर रहें। इसी तारतम्य में बदरवास पुलिस द्वारा शासकीय सांदीपनि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरवास में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया ,इस दौरान बदरवास थाना प्रभारी विकास यादव ने विद्यार्थियों को समझाइस देते हुए कहा कि समाज में अच्छाइयां भी होती हैं और बुराइयां भी होती है, आप अपने जीवन में धीरे-धीरे देखेंगे कि हम कुछ ऐसे कार्यक्रम में सम्मिलित हो रहे हैं, ऐसे कार्यों को कर रहे हैं, जो सभी के लिए हितकर हैं, नशे का परिणाम बहुत ही घातक होता हैं, जो आपके भविष्य के लिए, आपके करियर के लिए, आपके माता-पिता, भाई बहन ,आपसे जुड़े सभी लोगों के लिए दुखदाई होता है, इससे आपका भविष्य पूरी तरह बर्बाद हो सकता है। नशा कोई भी हो, इसका प्रभाव हमेशा नकारात्मक होता है, नशा आपका शरीर और आपका भविष्य दोनों को बर्बाद कर सकता है समाज में आज अनेक प्रकार के नशीले पदार्थ मौजूद हैं और अनेक लोग नशे के आदी हो चुके हैं नशीले पदार्थों का सेवन एक गंभीर सामाजिक समस्या है जो व्यक्ति, परिवार और समाज पर घातक प्रभाव डालती है।

यह न केवल व्यक्तियों के स्वास्थ्य को खतरे में डालती है बल्कि अपराधों में वृद्धि का भी एक प्रमुख कारण है। इस गंभीर समस्या के समाधान और एक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु, च्नशे से दूरी है जरूरीज्ज एक व्यापक नशामुक्ति जनजागृति अभियान पूरे मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशे के प्रति जागरूक करना है यह अभियान समाज के सभी वर्गों की भागीदारी से ही सफल हो सकता है जिसमें आप सभी युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

अत: आज आप सभी हमारे साथ यह प्रण लें कि हम अपने जीवन में कभी भी किसी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे और साथ ही अपने परिचितों को नशे के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास करेंगे,इस दौरान विद्यालय प्राचार्य महेंद्र गुप्ता के अवकाश पर होने से कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश नामदेव द्वारा किया गया, इस अवसर पर संजीव शर्मा, चंद्रेश यादव देवेंद्र भारती, विजयपाल सिंह जाट, योगेश कुमार, इरफान खान आदि अनेक शिक्षक एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण विद्यार्थी उपस्थित रहे।

जागरुकता अभियान : नशे से दूरी बनाने के लिये जागरुक किया

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,17जुलाई। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदेश भर मे नशे के प्रति जन जागरुकता लाने के लिये नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जागरुकता कार्यक्रम के तहत पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को जिला स्तर पर अधिक से अधिक संख्या मे लोगों को कार्यक्रम से जोडकर कार्यक्रम को सफल बानाने एवं लोगों को नशे से दूर करने के लिये कार्यक्रमों का आयोजन करने हेतु आदेशित किया है।

उक्त आदेशों के पालन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन गुरूवार को नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन साइंस कॉलेज शिवपुरी मे साइंस कॉलेज के एनसीसी कैडेड्स एवं तात्या टोपे स्कूल के बच्चों के साथ जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले, सीएसपी संजय चतुर्वेदी, साइंस कॉलेज प्रिंसिपल एवं स्टाफ, रक्षित निरीक्षक अनिल कवरेती, महिला थाना प्रभारी, थाना प्रभारी फिजीकल नवीन यादव, सूबेदार पुलिस लाईन व 250 के लगभग छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे। अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के द्वारा नशे के दुष्प्रभावों को बताते हुये नशे की लत से बचने व नशा नहीं करने की अपील की, यदि आप लोग अपने आसपास नशे के आदि लोगों को देखते हो तो उन्हें नशामुक्ति केन्द्र एवं अस्पताल भेजने के लिये बतायें। पुलिस द्वारा लोगों से अपील की है कि आपके आसपास कोई नशे की बस्तुऐं बेचता है एवं नशे के कारोबार मे संलिप्त है तो उसकी जानकारी पुलिस को दें जिससे एसे व्यक्तियों पर कार्यवाही की जा

जिले में अभी तक 670 .18 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज

शिवपुरी-जिले में 01 जून 2025 से अभी तक 670.18 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 311.61 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1291.84 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

लिटिल एंजेल स्कूल में पिछोर एसडीओपी ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

पिछोर-जिले के पिछोर नगर के लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति पर एक कार्यक्रम का आयोजन संपन्न कराया गया। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल पिछोर में एसडीओपी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में थाना पिछोर के थाना प्रभारी जितेंद्र मावई जी द्वारा विद्यालय के संचालक आशीष चौधरी, मनीष गुप्ता, प्राचार्य के के खरे एवं विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में कक्षा 9वीं से 12वीं के लगभग 300 छात्रों को अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे बचने के उपायों के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने सभी को नशा मुक्ति के तहत शपथ दिलाई एवं नशा से दूर रहने की समझाईश दी। कार्यक्रम के तहत श्री शर्मा ने नशे के दुष्प्रभाव से सभी को अवगत कराया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नवाचार के लिए जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित हुए डॉक्टर दांगी

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,17जुलाई। स्वास्थ्य के क्षेत्र में नवाचार , सामाजिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, युवाओं एवं वृद्ध जनों के स्वास्थ्य, नशा मुक्ति इत्यादि विषयों पर नवोन्मेष एवं अभिनवता के साथ सेवाएं आगे बढ़ाने तथा माननीय प्रधान मंत्री जी के विजन विकसित भारत ञ्च2047 को जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ग्रामीणों तथा वंचितों तक ले जाने के सतत प्रयासों एवं सेवाओं के लिए ग्वालियर में आयोजित डॉक्टर सम्मान समारोह 2025 में सम्मानित हुए , ग्वालियर सांसद श्री भारत कुशवाह जी ने उन्हें जीवन रक्षक सम्मान से सम्मानित किया।

डॉक्टर देवेन्द्र दांगी समसामयिक वैश्विक मुद्दों जैसे कि ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन , कौशल विकास, नई शिक्षा नीति 2020 ,नशा मुक्ति, वृद्ध जनों के विषयों, युवाओं के करियर , स्वच्छता, पब्लिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, वंचित वर्गों के विषयों, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नए अवसरों, महिला सशक्तिकरण इत्यादि विषयों पर कार्य कर रहे हैं। डॉक्टर दांगी स्वच्छता चौपाल एवं स्पंदन नाम की पुस्तकों के लेखक हैं, स्वच्छता चौपाल पुस्तक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव और स्वच्छता को और बेहतर कैसे बनाया जाए पर शोधात्मक कार्य है और स्पंदन पुस्तक में वर्तमान समय में युवाओं की समस्याएं एवं समाधान संबधी विषय रेखांकित हैं। डॉक्टर दांगी केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के साथ विकसित भारत ञ्च2047 के लक्ष्यों पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, दिल्ली शिक्षा विभाग, नवोदय विद्यालय समिति, मध्य प्रदेश एवं गोवा सरकार के साथ प्रमुख विषयों पर कार्य कर रहे हैं। डॉक्टर देवेन्द्र दांगी के नवाचार के प्रयासों एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों को कई सरकारों एवं संस्थाओं ने सम्मानित किया है। हाल ही में उन्हें गोवा सरकार ने युवा बुद्धिजीवी तथा विकसित भारत 2047 हेतु सम्मानित किया था। डॉक्टर दांगी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले से निकल कर राष्ट्रीय स्तर पर पुनीत कार्य कर रहे हैं।

अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज
बदरवास,17जुलाई। शिवपुरी जिले के बदरवास विकासखण्ड के अतिथि शिक्षकों ने अपनी छः प्रमुख मांगों को लेकर तहसील मुख्यालय पर एकत्रित होकर बदरवास तहसीलदार प्रदीप भार्गव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

अतिथि शिक्षकों की छः प्रमुख मांगें-

1. गुरुजियों की तरह विभागीय परीक्षा लेकर नियमित किया जाए या अनुभव के आधार पर बारह माह का सेवाकाल करते हुए पर स्थाई किया जायें। 2. ई अटेंडेंस बंद की जाए या इसको लागू करने से पहले अतिथि शिक्षकों को ऐच्छिक एवं आकस्मिक अवकाश एवं दुर्घटना बीमा की सुविधा दी जायें। 3. अतिथि शिक्षकों को एंड्रॉयड मोबाइल उपलब्ध कराया जाये। 4. महिला अतिथि शिक्षकों को प्रसूति अवकाश दिया जायें। 5. रिक्त पदों पर फॉलन आउट अतिथि शिक्षकों को वरीयता क्रम में प्राथमिकता दी जायें। 6. स्कोर कार्ड में 10 अंक प्रतिवर्ष अनुभव के जुड़े जायें।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

शिवपुरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आज गुरुवार को सीएम राइस विद्यालय शिवपुरी में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी की सचिव रंजना चतुर्वेदी द्वारा की गई। शिविर में छात्र-छात्राओं को उनके मूल अधिकार, मौलिक कर्तव्य तथा नालसा की एसिड अटैक पीड़ित सहायता योजना सहित विभिन्न विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

टी .व्ही .टावर फीडर पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

शिवपुरी। आवश्यक रखरखाव होने के कारण 33/11 के.व्ही.बाणगंगा उपकेन्द्र अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. टी.व्ही.टावर फीडर से संबंधित क्षेत्रों में 18 जुलाई को विद्युत प्रभाव बंद रहेगा। उक्त फीडर के बंद रहने से प्रात: 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पटेल नगर, अशोक विहार, शिव शक्ति नगर, विवेकानंदपुरम, शांति नगर इत्यादि आस पास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

खाद्य विभाग की टीम ने सिंघल स्वीट्स से जब्त किए गए घरेलू गैस सिलेंडर

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,17जुलाई। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम ने शिवपुरी नगर स्थित सिंघल स्वीट्स की जांच कर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध व्यवसायिक उपयोग किए जाने पर कार्यवाही की गई। उक्त जांच जिला आपूर्ति अधिकारी तुलेश्वर कुर्रे एवं एएसओ श्री जाटव के द्वारा सिंघल स्वीट्स के मालिक बृजेश अग्रवाल की उपस्थिति में की गयी। गुरुवार को की गई इस संयुक्त जांच में प्रतिष्ठान के मालिक की उपस्थिति में तीन घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए, जिनका उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में किया जा रहा था। जांच के दौरान सिलेंडरों के उपयोग संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। अनियमितता पाए जाने पर सभी सिलेंडर जब्त कर ऋषि गैस एजेंसी को सुपुर्द किए गए हैं। साथ ही संबंधित के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश, 2000 की कंडिका 3(ख)(ग) तथा 4(क) के उल्लंघन और आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया गया है।

घर में घुसे युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर रस्सी से बांधा

मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा है युवक, शांति भंग की धारा में भेजा गया जेल

नवभारत न्यूज
शिवपुरी। सिरसौद तिराहे पर बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक अचानक एक घर में घुस गया। महिला की चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण जुटे और युवक को पकड़कर रस्सी से बांध दिया। बाद में पुलिस को सूचना देकर उसे सौंप दिया गया।

घटना बुधवार तड़के 4 से 5 बजे के बीच की है। सिरसौद निवासी विनीता आदिवासी के घर में एक अनजान युवक घुस आया। महिला को देखकर वह घबरा गई और चिल्लाई। शोर सुनकर उसका बेटा रोहित आदिवासी आया और युवक को पकड़ लिया। युवक ने छूटकर भागने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और पकड़कर रस्सी से बांध दिया। सूचना मिलने पर अमोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को थाने ले आई।

ग्राम पंचायत उपसिल में सरपंच पद के निर्वाचन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त

पोहरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) अंतर्गत जनपद पंचायत पोहरी की ग्राम पंचायत उपसिल में सरपंच पद के निर्वाचन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 17 के तहत सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन हेतु तहसीलदार बैराड़ दृगपाल सिंह वैश्य को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा तहसील पोहरी के राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र ओझा को सहयोगी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उक्त अधिकारियों को 79- प्रा.शा. भवन उपसिल, 80- प्रा. शा. भवन मचाखुर्द एवं 81- एकीकृत मा. शा. भोजपुर मतदान केन्द्र आवंटित किए गए है। उक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट तत्काल रिटर्निंग ऑफीसर से संपर्क कर उनके मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

अशोक सिंह बघेल बने रासपा प्रधान महासचिव

दिनारा। राष्ट्रीय समाज पार्टी अपने संगठन बिस्तार में निरंतर लगी हुई है भिंड जिले से अशोक सिंह बघेल ने राष्ट्रीय समाज पार्टी का दामन थाम लिया है राष्ट्रीय समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी प्राण सिंह पाल द्वारा इनको पार्टी में प्रधान महासचिव का दायित्व दिया गया है अशोक सिंह बघेल भिंड जिले के कद्दावर नेता है यह आर्थिक समानता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं प्रदेश की राजनीति में यह हमेशा सक्रिय रहे कुछ दिन से यह साइलेंट प्रक्रिया में चल रहे थे अब उन्होंने राष्ट्रीय समाज पार्टी का दामन थाम लिया है महादेव जानकर की नीति से प्रभावित होकर राष्ट्रीय समाज पार्टी में शामिल हो गए पार्टी कार्यकर्ताओं ने इनको बधाई दी बधाई देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष श्रीलाल बघेल प्रदेश उपाध्यक्ष डीएस चौहान प्रदेश सचिव मोहर सिंह केवट बादाम सिंह बघेल ग्वालियर लोकसभा के प्रभारी रणवीर सिंह चौहान एवं प्रदेश के तमाम नेताओं ने उनको बधाई दी।

पैन आईआईटी गुरूकुल आयशर अकादमी ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार की नई राह : खरे

ग्राम गणेशखेड़ा में आयशर अकादमी शिवपुरी की कार्यशाला सम्पन्न

नवभारत न्यूज
शिवपुरी,17जुलाई। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण में पैन आईआईटी कल्याण गुरुकुल आयशर अकादमी का संचालन श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में वर्ष 2016 से किया जा रहा है। इस योजनार्तगत युवाओं को कौशल विकास के क्षेत्र में रोजगार दिलाने के अथक प्रयास किये जा रहें। इसी क्रम में आज गुरुवार को विकासखंड पिछोर की ग्राम गणेशखेड़ा के सी.एम.राईस स्कूल में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें एक सैकड़ा से अधिक शिक्षित बेरोजगार युवकों को ऑटोमोटिव स्किल अकादमी की जानकारी दी गई।

ऑटोमोटिव स्किल अकादमी के प्रभारी अमित मिश्रा ने युवकों को जानकारी देते हुए बताया कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर शिवपुरी में आयशर अकादमी का संचालन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षित बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के माध्यम से ऑटोमोटिव टेक्निशियन के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है, जिससे युवा स्वयं का रोजगार या ऑटोमोटिव क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकता है। पैन आई.आई.टी कल्याण गुरुकुल आयशर अकादमी शिवपुरी में 03 माह का प्रशिक्षण के उपरांत 6 माह की ऑन जॉब ट्रेनिंग पीथमपुर आयशर प्लांट इंदौर में दी जायेगी। ऐसे युवा जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष है और 10 वीं कक्षा पास है वे इस योजना का लाभ निःशुल्क पा सकते है।

उन्होंने बताया कि ऑटोमोटिव स्किल में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रशिक्षण के दौरान 03 माह की आवासीय व्यवस्था के साथ-साथ भोजन व्यवस्था भी दी जायेगी। जो युवक शिक्षित और बेरोजगार है वे इस योजना का लाभ उठाते हुए ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते है।

इस अवसर पर ग्राम गणेशखेड़ा के सरपंच, प्राचार्य सी.एम.राईस स्कूल पिछोर, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के. खरे व अन्य जनप्रतिनिधि के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिक में उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए अमित मिश्रा जिनका मोबाइल नं 7987544541 से सम्पर्क कर सकते है।

आम सूचना

श्री सुदामा पुत्र श्री नारायण लोधी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित दिनारा- पिछोर रोड से दूर, ग्राम दवरा दिनारा, प.ह.नं.76, रा.नि.मं.वृत 05 दिनारा, तहसील करैरा एवं जिला शिवपुरी (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र. 307 ग्राम दवरा दिनारा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 980 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में- दिनारा- पिछोर रोड, पश्चिम में भूमि विक्रेता, उत्तर में भूखण्ड श्री ज्ञानसिंह लोधी एवं दक्षिण में भूमि विक्रेता है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री मुलायम सिंह, श्री नाथूराम पुत्रगण श्री हल्के, राजाबेटी पुत्री श्री हल्के के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। राजाबेटी द्वारा श्री चतुर्भुज को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1235 दिनांक 27.01.2014 से विक्रय की गई। श्री उमेश द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री सुदामा पुत्र श्री नारायण लोधी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 3929201951428217 दिनांक 20.06.2019 से विक्रय की गई। श्री सुदामा द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार इण्डिया शैल्टर फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
नया भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.) मो.नं. 98276-72710